University in News on 10 December 2023

HINDUSTAN PAGE 6

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिट कार्ड अपलोड, छात्र कर सकते हैं डाउनलोड

एलयू ने बीए, बीएससी और बीकॉम परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी किए

विषम सेमेस्टर

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के तहत स्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षार्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

एलयू में 12 दिसंबर से स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू होंगी। जिसके मद्देनजर बीए, बीकॉम एनईपी व ओल्ड और बीएससी होम साइंस एनईपी व ओल्ड पाठ्यक्रमों के प्रथम, तृतीय व पांचवें सेमेस्टर के प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सत्र 2023-24 में स्नातक पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं संग तृतीय व पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। इनमें उन सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र हैं जिनके विभागों व कॉलेजों ने परीक्षा फॉर्म वेरीफाई कर दिया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का परीक्षा फॉर्म रोल नंबर या एलयूआरएन नंबर दर्ज करने पर नहीं दिख रहा है वह 12 दिसंबर से पहले परीक्षा विभाग कार्यालय में आकर अपनी समस्या निस्तारण के लिए संपर्क कर सकते हैं। जिससे आगे चलकर उनको किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

- पांच जिलों में तीन लाख से अधिक छात्र देंगे परीक्षा
- एलयू को नोडल, 48 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया
- प्रथम सेमेस्टर का प्रवेश पत्र एलयूआरएन से मिलेगा

एलयूआरएन नंबर से डाउनलोड कर सकेंगे

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 में तीन लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का एडमिट कार्ड उनके एलयूआरएन नंबर से डाउनलोड होगा। वहीं जानकारी के अनुसार बता दें कि जबकि अन्य तृतीय व पंचम सेमेस्टर के छात्रों को अपना पुराना अनुक्रमांक दर्ज करना होगा।

पांच जिलों में बनाए गए 263 परीक्षा केंद्र

विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए एलयू से संबद्ध पांच जिलों में 263 परीक्षा केंद्र व 21 नोडल सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि लखनऊ जिले में एलयू को नोडल सेंटर बनाया गया है। जबकि 48 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र के रूप में तैयार किया गया है। इसमें एपी सेन, अवध, केकेवी, डीएवी, नवयुग, नारी, कालीचरण, करामत, खुन खुन जी और कृष्णा देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज समेत कई अन्य नाम शामिल हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : स्नातक की परीक्षाएं 12 से, एडमिट कार्ड जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के लिए स्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों के एडमिट कार्ड (प्रवेश पत्र) जारी कर दिए गए हैं। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। शहर में 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

लविवि में 12 दिसंबर से स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सत्र 2023-24 में स्नातक पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ ही तृतीय व पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। इनमें उन सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र हैं जिनके विभागों व कॉलेजों ने परीक्षा फॉर्म वेरीफाई कर दिया है।

परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, जिन छात्रों का परीक्षा फॉर्म रोल नंबर या एलयूआरएन नंबर दर्ज करने पर नहीं दिख रहा है, वह 12 दिसंबर से पहले परीक्षा विभाग कार्यालय में आकर अपनी समस्या निस्तारण के लिए संपर्क कर सकते हैं।

पांच जिलों में तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

शहर में बने 48 परीक्षा केंद्र

एलयूआरएन से डाउनलोड कर पाएंगे प्रवेश पत्र

विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 में तीन लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए पांचों जिलों हरदोई, लखीपुरखीरी, रायबरेली, सीतापुर व लखनऊ में 263 परीक्षा केंद्र व 21 नोडल सेंटर बनाए गए हैं। पहले सेमेस्टर के विद्यार्थी एलयूआरएन नंबर से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर पाएंगे। जबकि तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थी रोल नंबर डालकर डाउनलोड कर पाएंगे।

NBT PAGE 6

पहले सेमेस्टर के प्रवेश पत्र LURN से डाउनलोड होंगे

■ एनबीटी सं, लखनऊ: एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के तहत स्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। एलयू में 12 दिसंबर से स्नातक पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। बीए, बीकॉम एनईपी व ओल्ड और बीएससी होम साइंस एनईपी व ओल्ड पाठ्यक्रमों के प्रथम, तृतीय व पांचवे सेमेस्टर के प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विवि की वेबसाइट पर से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रथम सेमेस्टर के स्टूडेंट्स का प्रवेश पत्र एलयूआरएन से डाउनलोड होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

प्रवेश पत्र जारी, स्नातक सेमेस्टर परीक्षाएं 12 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 12 दिसंबर से शुरू होने वाली स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र शनिवार को जारी कर दिए। बीए (एनईपी), बीए ओल्ड, बी.एसी एनईपी, बी.एससी ओल्ड, बी.काम एनईपी, बी.काम ओल्ड, बी.एससी होम साइंस एनईपी और बी.एससी होम साइंस ओल्ड कोर्स के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

समय सारिणी के अनुसार 12 दिसंबर से बीए, बी.एससी तीसरे, पांचवें, बी.एससी होम साइंस (गैर एनईपी), बी.एससी होम साइंस प्रथम व पांचवें सेमेस्टर एनईपी, बीए प्रथम, तृतीय, पांचवें सेमेस्टर एनईपी की परीक्षाएं शुरू होंगी। 13 दिसंबर से बी.काम तीसरे गैर एनईपी, बी.काम पहले व तीसरे सेमेस्टर (एनईपी) और 19 दिसंबर से बी.काम पांचवें सेमेस्टर (गैर एनईपी) की परीक्षाओं की भी शुरुआत हो जाएगी। इन परीक्षाओं में 478 महाविद्यालयों के करीब तीन लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

30 मिनट पहले मिलेगा परीक्षा केंद्र पर प्रवेश : छात्र-छात्राओं को परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रवेश पत्र के साथ फोटो पहचान पत्र भी जरूरी है। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले उत्तर पुस्तिका भी दे दी जाएगी। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का किताब, मोबाइल, कैलकुलेटर या स्मार्ट वाच भी छात्र-छात्राएं नहीं ले जा सकेंगे। ऐसे पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। लविवि से इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

प्लेसमेंट का मौका मिलेंगे 3.25 लाख रुपये सालाना

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने डेलायट कंपनी में नौकरी के लिए बीसीए, बी.एससी (कंप्यूटर साइंस), बीबीए, बी.काम (अकाउंटिंग एंड फाइनेंस, एलाइड स्पेशलाइजेशन) के छात्र-छात्राओं को आवेदन का मौका दिया है। यह कंपनी चार बड़े अकाउंटिंग फर्मों में से एक है। प्लेसमेंट प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि आवेदन के लिए 18 दिसंबर तक समय है। डेलायट कंपनी में एसोसिएट एनालिस्ट (रिस्क एंड फाइनेंशियल एडवाइजरी) पद पर 3.25 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए चयनित किया जाएगा।

ये है आवेदन के लिए लिंक : https://usrecruiting.deloitte.com/usi-open-talent-network-risk-and-financial-advisory#subpage/undergraduate/section/nkljb". -https://forms.gle/juwr1HuCzKVP5dXPA

बीएजेएमसी की परीक्षाएं 20 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को बीएजेएमसी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी। परीक्षाएं 20 दिसंबर से शुरू होंगी। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट से परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं। बीएजेएमसी पांचवें सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 20 दिसंबर से आठ जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 दिसंबर से 10 जनवरी और पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 दिसंबर से 11 जनवरी तक होंगी। तीसरे सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 21 व 23 दिसंबर, पांचवें सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 20 व 22 दिसंबर को होगी।

को-करिकुलर की परीक्षा चार को : बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर एनईपी की को-करिकुलर की परीक्षा चार जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की को-करिकुलर विषय की परीक्षा छह जनवरी को होगी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि के छात्रों के लिए प्लेसमेंट का अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● डेलॉयट कंपनी दे रही 3.25 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने डेलॉयट कंपनी में नौकरी के लिए बीसीए, बीएससी (कंप्यूटर साइंस), बीबीए, बीबीएम, बी.कॉम (अकाउंटिंग, फाइनेंस एवं एलाइड स्पेशलाइजेशन) के छात्र-छात्राओं को आवेदन का मौका दिया है। डेलॉइट कंपनी रेवेन्यू और प्रोफेशनल्स की संख्या के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा प्रोफेशनल्स सर्विस नेटवर्क है।

प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि डेलॉयट कंपनी में एसोसिएट एनालिस्ट पद पर 3.25 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए बीसीए और बी.एससी.(कंप्यूटर साइंस) के छात्र-छात्राएं, जिन्हें कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान हो तथा बीबीए, बीबीएम, बी.कॉम के छात्र-छात्राएं, जिन्हें फाइनेंशियल एकाउंटिंग, मैनेजमेंट अकाउंटिंग, फाइनेंशियल मार्केट, फाइनेंशियल एनालिसिस और रिपोर्टिंग, बिजनेस मैथमेटिक्स और स्टेटिस्टिक्स, बिजनेस एनालिसिस और वैल्युएशन एवं कॉस्ट अकाउंटिंग का अच्छा ज्ञान हो और जिनका सीजीपीए 60 प्रतिशत से अधिक हो आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की आखिरी तिथि 18 दिसंबर है।

अंतरराष्ट्रीय शोध छात्र ने विश्व शांति पर रखा बौद्ध विचार

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविधालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा शनिवार को सैटरडे सेमिनार की विशेष श्रृंखला के अंतर्गत विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव के संरक्षण में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में दर्शनशास्त्र विभाग के शोध छात्र इंदकारा, जो कि म्यांमार निवासी व अंतरराष्ट्रीय शोध छात्र हैं, ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान का विषय 'विश्व शांति का बौध विचार' था। अपने व्याख्यान के माध्यम से उन्होंने बौद्ध धर्म की चार दिव्य स्थितियों मेत्ता, करुणा, मुदिता और उपेक्खा के आधार पर अपने विश्व शान्ति के विचार को रखा। धर्म की ऐसी अवधारणा, जो कि सैद्धांतिक होने के साथ- साथ क्रिया केंद्रित भी हो, का समर्थन करते हुए उन्होंने भौतिकवादी प्रवृतियों और आध्यात्मिक प्रवृतियों के बीच में संतुलन की बात की। सेमिनार में विभाग के प्राचार्य डॉ. राकेश चंद्रा, डॉक्टर राजेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। सेमिनार में विभाग के शोध छात्रों के साथ स्नातक एवं परास्नातक के छात्र उपस्थित रहे। सेमिनार का कोआर्डिनेशन विभाग की शोध छात्रा अमूल्या वाजपेयी ने किया।

LOKSATYA PAGE 3

सैटरडे सेमिनार श्रृंखला में डा. रजनी का व्याख्यान

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविधालय के दर्शनशास्त्र विभाग के सैटरडे सेमिनार श्रृंखला में विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में व्याख्यान हुआ। व्याख्यान में दर्शन शास्त्र विभाग के शोध छात्र म्यांमार के इंदकारा ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने 'विश्व शांति पर बुद्ध का विचार' था। उन्होंने बौद्ध धर्म की चार दिव्य स्थितियों मेत्ता, करुणा, मुदिता और उपेक्खा के आधार पर अपने विश्व शान्ति के विचार को रखा। धर्म की ऐसी अवधारणा जो की सैद्धांतिक होने के साथ साथ क्रिया केंद्रित भी हो, का समर्थन करते हुए उन्होंने भौतिकवादी प्रवृतियों और अध्यातिमिक प्रवृतियों के बीच में संतुलन की बात की। विभाग के प्राचार्य डॉ राकेश चंद्रा व डॉ राजेंद्र वर्मा, विभाग के शोधछात्र, स्नातक व परास्नातक के छात्र मौजूद रहे।

सेमिनार के जरिए दिया विश्व शांति का संदेश

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविधालय के दर्शनशास्त्र विभाग ने शनिवार सेमिनार की विशेष श्रृंखला के तहत विभागाध्यक्षा डॉ.रजनी श्रीवास्तव के संरक्षण में एक व्याख्यान का

लविवि के शोध छात्र इंदकारा का व्याख्यान

आयोजन किया। इस व्याख्यान में दर्शनशास्त्र विभाग के शोध छात्र इंदकारा जो कि म्यांमार निवासी अन्तर्राष्ट्रीय शोध छात्र हैं। उन्होंने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान का विषय बौद्ध आईडिया ऑफ वर्ल्ड पीस था। अपने व्याख्यान के माध्यम से उन्होंने बौद्ध धर्म की चार दिव्य स्थितियों मेत्ता, करुणा, मुदिता और उपेक्खा के आधार पर अपने विश्व शान्ति के विचार को रखा। धर्म की ऐसी अवधारणा जोकि सैद्धांतिक होने के साथ-साथ क्रिया केंद्रित भी हो, का समर्थन करते हुए उन्होंने भौतिकवादी प्रवृतियों और अध्यातिमिक प्रवृतियों के बीच में संतुलन की बात की। सेमिनार में दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ.रजनी श्रीवास्तव के साथ विभाग के प्राचार्य डॉ.राकेश चंद्रा, डॉ.राजेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। सेमिनार में विभाग के शोधछात्रों के साथ स्नातक व परास्नातक के छात्र उपस्थित रहे। सेमिनार का कोआर्डिनेशन विभाग की शोध छात्रा अमूल्या बाजपाई ने किया। कार्यक्रम के सफलता पूर्वक समापन में विभाग के अन्य शोध छात्रों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

एलयू छात्रों के लिए डेलॉयट कम्पनी में जॉब ऑफर

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने डेलॉयट कंपनी में नौकरी के लिए बीसीए,बीएससी(कंप्यूटर साइंस), बीबीए, बीबीएम, बी.कॉम (अकाउंटिंग,फाइनेंस एवं एलाइड स्पेशलाइजेशन) के छात्र-छात्राओं को आवेदन का मौका दिया है। डेलॉइट कम्पनी, रेवेन्यू और प्रोफेशनल्स की संख्या के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा प्रोफेशनल्स सर्विस नेटवर्क है और यह दुनिया के चार बड़े अकाउंटिंग फर्मो में से एक है। इस संबंध में प्लेसमेंट प्रभारी डा.हिमांशु पांडेय ने बताया कि डेलॉयट कंपनी में एसोसिएट एनालिस्ट (रिस्क एंड फाइनेंशियल एडवाइजरी) पद पर 3.25 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए बीसीए और बीएससी (कंप्यूटर साइंस) के छात्र-छात्राएं जिन्हें सी, सी प्लस प्लस, जावा, पायथन, प्रोग्रामिंग फाउंडेशन, रिलेशनल डेटाबेस, नेटवर्किंग कॉन्सेप्ट, एसक्यूएल जैसी कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान हो तथा बीबीए, बीबीएम, बी.कॉम (अकाउंटिंग,फाइनेंस एवं एलाइड स्पेशलाइजेशन) के छात्र-छात्राएं जिन्हें फाइनेंशियल एकाउंटिंग, मैनेजमेंट अकाउंटिंग, फाइनेंशियल मार्केट,फाइनेंशियल एनालिसिस और रिपोर्टिंग, बिजनेस मैथमेटिक्स और स्टेटिस्टिक्स, बिजनेस एनालिसिस और वैल्युएशन एवं कॉस्ट अकाउंटिंग का अच्छा ज्ञान हो और जिनका सीजीपीए 60 प्रतिशत से अधिक हो वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।आवेदन करने की अन्तिम तिथि 18 दिसम्बर हैं।

विद्यार्थियों को स्वस्थ्य क्षेत्र में सफलता के दिए गुरुमंत्र

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में डा.गिरी लाल गुप्ता इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड पब्लिक अफेयर्स के विशेष व्याख्यान में डा.सुलभा स्वरुप ने पर्यावरण अनुकूल स्वास्थ्य प्रथाओं के लिए संक्रामक नियंत्रण प्रथाओं का महत्व विषय पर महत्वपूर्ण वक्तव दिया। डॉ.सुलभा स्वरूप राज्य स्तर पर वरिष्ठ सलाहकार गुणवत्ता आश्वासन, एनआरएचएम लखनऊ में कार्यरत रही है। उन्होंने भारत सरकार के जनस्वास्थ्य प्रबंधन में कायाकल्प कार्यक्रम के बारे में विस्तृत में अपने अनुभव साझे किए और विद्यार्थियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में सफल होने का गुरुमंत्र दिया। कार्यक्रम में एमपीएच प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र तथा शिक्षक डॉ.स्वरूप के वक्तव्य से लाभान्वित हुए।इससे पहले मिशन शक्ति कार्यक्रम में विभाग में 8 दिसम्बर को निबंध प्रतियोगिता एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया था। जिसमें उपकमांडेंट वंदना मिश्रा ने लैंगिक समानता व स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे। विभाग में मिशन शक्ति के तहत प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। डा.सुलभा स्वरूप द्वारा उक्त प्रतियोगिताओं में सभी जीतने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।